# जागृति

वर्ष:62 अंक-9 मुम्बई अगस्त 2018



एमएसएमई मंत्री ने आयोग के महाराष्ट्र और देहरादून राज्य कार्यालयों को स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया



आयोग ने बाली द्वीप की विधवाओं के जीवन को नया आयाम दिया

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**

वर्ष 62 अंक-9 मुंबई अगस्त 2018

# जागृति


सम्पादकीय मण्डल

**अध्यक्ष**
श्रीमती प्रीता वर्मा

**संपादक**
के. एस. राव

**उप संपादक**
सुबोध कुमार

**वरिष्ठ हिंदी अनुवादक**
सरस्वती खनका

**वरिष्ठ कलाकार**
संजय एस. सोमदे

**डिजाईन व पृष्ठसज्जा**
सुबोध कुमार
शिव दयाल कुशवाहा



प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई -400056 के लिए ई-प्रकाशित
ईमेल: editorialkvic@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in


आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हो.

## इस अंक में.....


समाचार सार ......... 3 से 20

आयोग जल्द ही सुंदरबन में बाली द्वीप की बाघ-विधवाओं के जीवनयापन हेतु नये साधन प्रदान करेगा.........................

आयोग को मिला स्वच्छता पुरस्कार...............................

जयपुर में एमएसएमई समीक्षा बैठक..............................

रांची में खादी करीगर पंचायत....................................

आयोग द्वारा एकल पैन-इंडिया ई-मार्केटिंग का शुभारम्भ......

युगांडा को आयोग में नयी राह की तलाश........................

खादी संस्थाओं की समस्याओं पर चर्चा...........................

चेतना के बिना सीएसआर विवेकहीन है:श्री सक्सेना...........

राजनायिकों द्वारा मोंटेनेग्रो राष्ट्रीय दिवस समारोह पर खादी का अभिवादन......................................................

भारत में मॉन्टेनेग्रो के राष्ट्रीय दिवस समारोह का आयोजन....

राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में खादी:"लोकल टू ग्लोबल".........

विविध.................................................................

खादी और ग्रामोद्योग आयोग दूरस्थ स्थानीय स्व-निकायों तक पहुंचा.........................................................

प्रेस कवरेज .........21से 29

# आयोग जल्द ही सुंदरबन में बाली द्वीप की बाघ-विधवाओं के जीवनयापन हेतु नये साधन प्रदान करेगा




**बाली द्वीप (सुंदरबन): सुंदरबन के बाली द्वीप के मैंग्रोव घाटों में बाघों द्वारा मारे गए पुरुषों की विधवा महिलाएं।**

बाघ ने 30 वर्षीय सुमित्रा मिधा के पति पर हमला किया जिससे उन्हें असहनीय दर्द से गुजरना पड़ा और तत्पश्चात उनके पति की मृत्यु हो गई। ऐसी स्थिति में सुमित्रा मिधा के समक्ष सांस्कृतिक दोष व सामाजिक भेदभाव एवं मौलिक जरूरतों के अभाव तथा सामाजिक अस्वीकृति से उनकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हुए और यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना रही। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा इस दिशा में साहसिक पहल की जा रही है - जिसने पहली बार शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से कमजोर महिलाओं की आजीविका में आ रहे व्यवधानों, मुश्किल समय में जीवन यापन के लिए आ रही समस्याओं व स्वास्थ्य संबंधी विषयों से प्रभावित लोगों का अध्ययन किया और विधवा सुमित्रा जैसी महिलाओं व कई अन्य लोगों को उनके जीवनयापन के लिए गांधी चरखा और मधुमक्खी बक्से वितरित किये गए।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने बाघ-विधवाओं जो असहनीय दर्द और पीड़ा का सामना कर रही हैं, उनके बारे में जानकारी हासिल करने के लिए 23 जुलाई, 2028 को बाली द्वीप का दौरा किया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पुनर्वास सिद्धांतों को एक प्रमुख कार्य के रूप में लेते हुए, उन्होंने पहले चरण में प्रशिक्षण के लिए उन पीड़ितों में से 75 लोगों का चयन करने के अलावा 50 चरखा देने का भी फैसला किया। बाघ पीड़ितों के लिए 'टाइगर विक्टिम खादी कताई केंद्र', बाली के रूप में शुरू करने हेतु उन्होंने, केवीआईसी अधिकारियों से 30 जुलाई से कताई और मधुमक्खीपालन के प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू करने के लिए कहा गया है और अगस्त के अंतिम सप्ताह तक 50 चरखा और 500 मधुमक्खी बक्से की आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। इस वर्ष सितंबर के प्रथम सप्ताह के दौरान सक्रिय केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा।

परिणामस्वरूप, यह केवीआईसी द्वारा ग्रामीणों को

**(शेष पृष्ठ 17 पर)**

# आयोग को मिला स्वच्छता पुरस्कार






केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 4 जुलाई, 2018 को दिल्ली में स्वच्छता पुरस्कार 2018 वितरित किये। माननीय मंत्री महोदय ने स्वच्छ केवीआईसी कार्यालय श्रेणी में आयोग के महाराष्ट्र और देहरादून, राज्य कार्यालयों को क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान से सम्मानित किया। आयोग के लिए निश्चित रूप से गर्व का क्षण था। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सचिव डॉ. अरुण कुमार पांडा भी उपस्थित थे।

# जयपुर में एमएसएमई समीक्षा बैठक



केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने क्षेत्र में एमएसएमई गतिविधि पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए जयपुर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग और एनएसआईसी, एमएसएमई, कॉयर बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। आयोग की विशेषज्ञ (सदस्य) डॉ शीला राय भी इस बैठक में उपस्थित थी।

आयोग के राज्य कार्यालय, जयपुर के उप निदेशक प्रभारी श्री अरुण कुमार गर्ग ने क्षेत्र में खादी ग्रामोद्योगी गतिविधियों के प्रगति तथा आयोग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बारे में भी अवगत कराया।

# रांची में खादी कारीगर पंचायत











***खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने रांची में 1 जुलाई 2018 को झारखंड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी करीगर पंचायत में भाग लिया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल प्रथम अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस पंचायत में 5000 से अधिक खादी कारीगरों ने भाग लिया।***

झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड ने 1 जुलाई, 2018 को रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में एक दिवसीय कारीगर पंचायत का आयोजन किया। इस कारीगर पंचायत में झारखंड राज्य के 5000 से अधिक कारीगर एकत्रित हुए। झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास ने इस समारोह का उद्घाटन किया था और कार्यक्रम के समापन में झारखंड की माननीय राज्यपाल सुश्री द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कल्याण राज्य मंत्री श्री सुदर्शन भगत, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य पश्री अशोक भगत, हटिया विधायक श्री नवीन जायसवाल, झारखंड खादी बोर्ड के अध्यक्ष श्री संजय सेठ, रांची की मेयर श्रीमती आशा लकड़ा, उद्योग विभाग के सचिव श्री विनय चौबे समेत बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड के कारीगरों को एक मंच प्रदान करना था ताकि कारीगर और शिल्पकार आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ शामिल हो सकें। इस कारीगर पंचायत में, पांच हजार से अधिक उद्यमी शामिल हुए, जो झारखंड की पहचान वाले कुछ उद्योग से संबद्ध थे। कारीगर पंचायत में बाजार और विपणन युक्तियों के बारे में जानकारी कारीगरों को भी दी गई, ताकि वे अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेच सकें।

अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि रांची में जल्द ही एक खादी मॉल खुलेगा और यह देश का पहला खादी मॉल होगा। इसके लिए झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर एचईसी एरिया में जमीन उपलब्ध कराएगी-यह घोषणा मुख्यमंत्री ने की। उन्होंने कहा कि राज्य में 1.13 लाख कलाकारों को सूचीबद्ध किया गया है। उन्हें प्रशिक्षित कर बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे निश्चित रूप से उनके जीवन में बदलाव आयेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधान मंत्री के एक मधु क्रांति की बात की और उन्होंने कहा, झारखंड मधु क्रांति के लिए सबसे उपयुक्त जगह है। इस दिशा में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग हनी मिशन क्षेत्र में काम कर रहा है। माननीय मुख्यमंत्री ने केवीआईसी के अध्यक्ष को आयोग द्वारा हनी बॉक्स प्रदान करने की घोषणा के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कलाकारों को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का सहारा देकर उनके उत्पाद में वैल्यू एडिशन करायेंगे। मार्केट के लिए ग्रामीण हाट और अरबन हाट के साथ-साथ पर्यटक स्थलों पर भी हाट बनाकर उन्हें बाजार उपलब्ध कराएंगे। झारखंड खादी बोर्ड के माध्यम से गांव-गांव में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। बोर्ड उन्हें बाजार मुहैया करा रहा है।

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने खादी कारीगर पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड राज्य में मधु क्रांति से शहद का उत्पादन अच्छा होगा, यदि राज्य में शहद का उत्पादन हनी मिशन के तहत किया जाय तो झारखण्ड हनी मिशन का अग्रणी स्टेट बन सकता है। इसके लिए झारखण्ड को हनी मिशन के तहत मिलने वाले 5000 हनी बॉक्सेस को बढ़ाकर 10,000 किया जाएगा। खादी बोर्ड के 3 आउटलेट्स के सौंदर्यीकरण के लिए भी धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।

इस अवसर पर झारखण्ड खादी बोर्ड के अध्यक्ष श्री संजय सेठ ने कहा कि अब झारखण्ड से पलायन नहीं होगा, क्योंकि मधु क्रांति से व्यापक रूप में स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।

इसी पंचायत में सत्तू के 'रेडी टू ईट' पैकेट को लांच किया गया। अबीर ग्रामोद्योग संस्था द्वारा तैयार इस चने के सत्तू की खासियत यह है कि इसमें काला नमक, गोल्की पाउडर, सादा नमक, जीरा, चीनी और शुगर फ्री को मिलाकर तैयार किया गया है। बस इसे पानी में डालकर पी लेना है। 100 ग्राम के इस पैकेट को बनाने का संस्था का उद्देश्य इसे देश के हर कोने में पहुंचाना और इसे लोगों का स्वास्थ्यवर्धक ड्रिंक बनवाना है।






# आयोग द्वारा एकल पैन-इंडिया ई-मार्केटिंग का शुभारम्भ

**नई दिल्ली: 'डिजिटल इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' को मिलाकर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपनी आतंरिक विपणन प्रक्रियाओं के लिए एक स्थान से संचालित "खादी संस्था प्रबंधन और सूचना प्रणाली (केआईएमआईएस) नामक अपनी पहली पैन-इण्डिया प्रणाली लॉन्च की शुरुआत की, जिसे देश भर में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों के क्रय-विक्रय के उद्देश्य से उपयोग किया जा सकता है।**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना जिन्होंने इस प्रणाली का उद्घाटन किया ने इस अवसर पर कहा कि, चूंकि खादी और ग्रामोद्योग आयोग पारदर्शिता और इसके सभी पहलुओं पर दृढ़ता पूर्वक विश्वास करता है, अतः खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों की बिक्री और खरीदी में एकरूपता लाने व बिलिंग जैसी गतिविधियों के लिए कुछ इस तरह के सॉफ्टवेयर विकसित करने की आवश्यकता थी, एक स्थान से ही जिससे दूर दराज़ के किसी भी स्थान से चौबीस घंटे निगरानी की जा सकती है। "मुझे इस बात की बेहद खुशी और संतुष्टि है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग की सूचना प्रद्योगिकी (आईटी) टीम ने आयोग के आतंरिक उपयोग के लिए लाखों रूपये की कीमत का ऐसा पूर्ण-प्रमाणित सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जिसका किसी अन्य संगठन के माध्यम से विकसित कराने या खरीदने में भुगतान करना पड़ सकता था। इससे पहले यह सॉफ्टवेयर बेंगलुरु स्थित एक तीसरे पक्ष से लिया गया था, जिस पर लाखों रु भगतान करने के बाद भी खादी और ग्रामोद्योग आयोग का स्टॉक और खातों में कोई नियंत्रण नहीं था।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि अब यह इन-हाउस सॉफ़्टवेयर न केवल बिक्री का वास्तविक वर्तमान आंकड़े उपलब्ध कराएगा, बल्कि यह खादी और ग्रामोद्योग

(शेष पृष्ठ 18 पर)



# युगांडा को आयोग में नयी राह की तलाश




**नई दिल्ली: शुक्रवार को भारत में युगांडा की गुडविल राजदूत रेणु वरुण के नेतृत्व में छः सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना से राजघाट, नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में मुलाकात की और युगांडा के जिन्जा में गांधी विरासत स्थल के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा उपहार स्वरूप प्राप्त गांधी चरखा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।**

अध्यक्ष के साथ बात करते हुए गुडविल राजदूत ने युगांडा में प्रदर्शित किये जा रहे गाँधी चरखे के स्थान पर आने के लिए आमंत्रित किया इसकी पृष्ठभूमि ही ऐसे है कि पहली बार ऐसा हुआ की नील नदी के तट पर बसा पूर्वी अफ्रीका जहाँ गाँधी जी की राख छिडकी गई हो और संयोगवश आज युगांडा एक अच्छा कपास उत्पादक देश है , विकास पथ पर दौडने के लिए निजी क्षेत्र के विकास को समर्थन, युगांडा सरकार की आवश्यकता को प्रकट करती है | चूंकि युगांडा में एक व्यापक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उप-क्षेत्र है जो निजी क्षेत्र का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के नवीनतम कार्यक्रम जैसे 'हनी मिशन', 'कच्ची घानी तेल', टेलरिंग, मोमबत्ती बनाने, कताई और बुनाई इत्यादि गतिविधियाँ ग्रामीण गरीब और बेरोजगार युगांडा वासियों के लिए चलाई जा सकती हैं। जिसके माध्यम से वे अपने आने वाले कल को बदल सकते हैं, उन्होंने आगे यह भी जानकारी दी कि "यूगांडा उत्पादन करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के साथ सहभागिता करने हेतु उत्सुकता

(शेष पृष्ठ 9 पर)

# अवध क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती खादी



केवीआईसी ने 16 जुलाई, 2018 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपना पहला "खादी इण्डिया" आउटलेट खोला है, जिसका सार्वजनिक रूप से अच्छा प्रतिसाद देखने को मिला है। देश के कई और अन्य शहरों में भी "खादी इण्डिया" आउटलेट खोले जा रहे हैं।






(पृष्ठ 8 से आगे)

## युगांडा को आयोग में नयी राह की ..................

से प्रतीक्षा कर रहा है, क्योंकि यह युगांडा की अर्थव्यवस्था को आगे ले जा सकता है।"

उपरोक्त विचारों पर अपनी सहमती देने के साथ साथ अन्य प्रतिनिधियों शेबा क्योबुतुंगी (मुख्य कार्यान्वयन युवा डेस्क), लुसी नाक्योबे (स्थायी सचिव), लिलियन एस्टर सेबेद्दुआ (मुख्य सुरक्षा बल डेस्क), सेरुयंगे सुसान (रक्षा मंत्रालय, वरिष्ठ सामाजिक विकास अधिकारी) एवं और फरीदाह नासाली (प्रबंधक, राष्ट्रपति उपक्रम ) को शामिल करते हुए यह भी कहा कि वे खादी और ग्रामोद्योग आयोग के कार्यक्रमों और विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार सृजन पर इसके प्रभाव को देखकर अभिभूत थे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न महिला सशक्तिकरण परियोजनाओं का अध्ययन करने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को भारत में आमंत्रित किया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के बहु-उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र का भी दौरा किया और उन्होंने सिलाई, डिजाइनिंग और अन्य इकाइयों में प्रशिक्षणार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने वहां पर योग प्रशिक्षण इकाई में लगभग 10 मिनट तक योग भी किया।

इससे पूर्व, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने तीन रंग की गुंडी (तिहाड़ जेल की महिला कैदियों द्वारा बनाई गई) और रूमाल (नारकोटा के पास रहने वाले जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित परिवारों की महिलाओं द्वारा बनाई गई) से सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। युगांडा के प्रतिनिधिमंडल ने 'महात्मा गांधी के प्रसिद्ध तीन बंदरों' के जैसे तीन युगांडा विशाल चिम्पांजी के लघुचित्र उपहार स्वरूप दिए।

# खादी संस्थाओं की समस्याओं पर चर्चा





## संस्था संघ के नये खादी बिक्री भवन का शुभारंभ

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 1 अगस्त, 2018 को संस्था संघ, जयपुर के परिसर में प्रसिद्ध डिजाइनर रितु बेरी द्वारा डिजाइन किये गए पश्चिमी पैटर्न और डिजाइनर परिधान "विचार वस्त्र" के लिए नवीनीकृत खादी भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोग की विशेषज्ञ सदस्य डॉ शीला राय; मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्रीमती प्रीता वर्मा; वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश एवं उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (उत्तर क्षेत्र), निदेशक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



इससे पहले, राजस्थान में खादी संस्थाओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने भरतपुर में पीएमईजीपी यूनिट द्वारा उत्पादित डिटर्जेंट पाउडर 'आर्य नं 1' को भी बाज़ार के लिए उपलब्ध कराने की शुरुआत की।



**26 जुलाई, 2018 को आयोग मुख्यालय में एचपीसीएल के कार्यकारी निदेशक श्री प्रसाद के साथ एक बैठक हुई, जिसमें एचपीसीएल ने *'टर्नकी बेसिस'* पर केवीआईसी के अधिशेष भूमि में पेट्रोल पंप स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की, जिसके लिए एचपीसीएल आयोग को किराया भुगतान सहित बिक्री पर ट्रेड कमीशन भी प्रदान करेगा।**


# चेतना के बिना सीएसआर विवेकहीन है:श्री सक्सेना

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा है कि आधुनिक विश्व में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) की भूमिका और समय की आवश्यकता ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पर जोर दिया है, जिसने इसे बाद में जागरूक सामाजिक उत्तरदायित्व की मूल भावना से संबंधित पर्यावरण चिंतन के रूप में नामित किया है।**

फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स (एफआईसीसीआई) एवं भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन 'खादी: फ्रॉम लोकल टू ग्लोबल' में उद्यमियों, डिजाइनरों, बुनकरों, नीति निर्माताओं और अन्य हितधारकों (स्टेक होल्डर) को संबोधित करते हुए, आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सीएसआर में चेतना शामिल किए वगैर, समाज में परित्यक्त अंतिम व्यक्ति के कल्याण के बारे में सोचने के लिए यह केवल एक चिंतन है।

यह कार्यक्रम 19 जुलाई, 2018 को फिक्की ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। वाराणसी में सेवापुरी गांधी आश्रम में एक पुराने खादी संस्था को फिर से शुरू करने में उपयोग किए गए सीएसआर निधि के उदाहरण का हवाला देते हुए श्री सक्सेना ने कहा, "हमें ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) से सीएसआर निधि प्राप्त हुई। लेकिन, लोगों को एक बार लाभ प्रदान करने के बजाय महात्मा गांधीजी के मार्गदर्शन में हमने वाराणसी में 71 वर्ष पुरानी 12 एकड़ में फैले सेवापुरी खादी आश्रम की महिमा को पुनर्जीवित किया, जो खादी को बढ़ावा देने तथा कतिनों और बुनकरों को रोजगार प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। पिछले 26 वर्ष से बंद पड़े इस आश्रम ने पुनः उसी मिशन पर काम करना शुरू कर दिया है। आश्रम परिसर में खादी इकाई को पुनर्निर्मित करने हेतु अपने सीएसआर फंडों का उपयोग करने के लिए हम आरईसी के साथ शामिल हुए, जिसने इस क्षेत्र के 800 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार दिया है। न केवल आरईसी द्वारा प्रदान किए गए 250 सौर चरखों और 80 सौर करघों ने 400 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया, बल्कि कार्यकर्ता सहकारी समितियों में इस पहल का हिस्सा बनने के लिए शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, मुंबई स्थित लिज्जत पापड़ ने यहाँ एक पापड़ बनाने वाली इकाई की भी स्थापना की है,"केंद्र में 200 स्थानीय महिलाओं को काम के लिए नामांकित किया गया है।" उन्होंने कहा, "यदि सीएसआर का लक्ष्य सामाजिक जिम्मेदारी की मूल चेतना को बनाए रखना है, तभी यह सच्चे अर्थ में सीएसआर है।"

आयोग के अध्यक्ष ने विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी, निंपिट, सुंदरबन, पश्चिम बंगाल का दौरा किया और जहाँ उन्होंने 500 मधुमक्खी बक्से वितरित किए।





# राजनायिकों द्वारा मोंटेनेग्रो राष्ट्रीय दिवस समारोह पर खादी का अभिवादन

नई दिल्ली: 13 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में भारत में मोंटेनेग्रो के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने वाले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए - 'ट्रेंडी मोंटेनेग्रो विद इंडियन खादी' थीम के साथ - भारत के राष्ट्रीय सांस्कृतिक वस्त्र 'खादी' के ताना-बाना ने वास्तव में उनके दिलों को अनुभूतिक रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया।



खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस कार्यक्रम ने खादी के मुख्य गुणों – हाथ कते, हाथ बुने और प्राकृतिक वस्त्र की अवधारणा को वैश्विकृत किया और यह मोंटेनेग्रिन और यूरोपीय प्रवृत्तियों व डिजाइनरों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक मंच था, जो बाद में खादी के लिए वैश्विक बाज़ार का सृजन करेंगे । उन्होंने कहा, "मुझे यकीन है कि मोंटेनेग्रो के साथ हमारे समन्वय से राजनयिकों ने खादी के गुणों को जानने के बाद पूरी तरह से इसकी प्रशंसा की है, इससे हम अपने उत्पादों की वाणिज्यिक बिक्री में वृद्धि कर सकेंगे।" उन्होंने कहा, "यह वास्तव में देश के लिए गर्व का विषय है कि खादी फैशन शो के इस आयोजन में भाग लेने वाले राजनयिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।"

इसी तरह के विचारों की पुष्टि करते हुए भारत में मोंटेनेग्रो के माननीय वाणिज्यक दूत डॉ. जेनिस दरबारी ने कहा कि खादी को बढ़ावा देने के लिए राजनायिक कोर में सद्भावना और दोस्ती को हमेशा उपयोग में लाया जाएगा। "यह गर्व की बात है कि मोंटेनेग्रो और भारत के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में यह अवसर एक मील के पत्थर के रूप में स्थापित होगा, क्योंकि यह कार्बनरहित उद्योग है जो भारतीय कारीगरों के हाथ कते और हाथ बुने प्राकृतिक वस्त्र संरक्षित करता है । उन्होंने कहा कि कई दूतावासों के शीर्ष राजनयिकों ने भारत के इस महत्वपूर्ण वस्त्र को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया है।

# भारत में मॉन्टेनेग्रो के राष्ट्रीय दिवस समारोह का आयोजन

**यह आयोजन भारत में मोंटेनेग्रो के मानद कंसुल जनरल डॉ. जेनिस दरबारी द्वारा मोंटेनेग्रो के वाणिज्य दूतावास में आयोजित किया गया था। भारत के उच्च रैंकिंग गणमान्य अतिथियों और भारत में अलग-अलग देशों के मौजूद उच्चायुक्तों एवं राजनयिक कोर के सदस्यों ने उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।**



इस कार्यक्रम में राजनयिक कोर के डीन श्री फ्रैंक हंस डैननबर्ग कैस्टेलानोस, डोमिनिकन गणराज्य के असाधारण और प्लेनिपोटेन्टिरी राजदूत, राजनयिक कोर के उपाध्यक्ष श्री अलेम त्सेहाय वोल्देमारीम, इरिट्रिया राज्य के विशेष और प्लेनिपोटेन्टिरी राजदूत, भारत में मॉन्टेनेग्रो के मानद वाणिज्यक दूत डॉ. जेनिस दरबारी और खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना और केवीआईसी बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया।

भारत में विदेश मामले के मंत्रालय के मुख्य अतिथि श्री सुब्रत भट्टाचार्यजी ने इस अवसर पर कहा कि "माननीय विदेश राज्य मंत्री श्री वी. के. सिंह ने खूबसूरत देश मोंटेनेग्रो का दौरा किया है और मेरी बाल्कन के राजदूतों के साथ अच्छी दोस्ती है। आप मुझ पर और मेरे मंत्रालय पर भरोसा कर सकते हैं, मॉन्टेनेग्रो के मित्र के रूप में मेरा मंत्रालय खादी संवर्धन की एक बड़ी सफलता की कामना करता है।" "मॉन्टेनेग्रो के मानद वाणिज्यक दूत डॉ. जेनिस दरबारी ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री सक्सेना को धन्यवाद देते हुए खादी सूत से बुनाई और खादी के साथ ट्रेंडी मोंटेनेग्रो की मित्रता एक बड़ी खासियत है, ट्रेंडी खादी हाथ बुना, हाथ कता वस्त्र है और हमारे देश में हम में से प्रत्येक के पास हाथ बुने, हाथ कते वस्त्र की परंपरा रही है और हमारे कारीगरों द्वारा बुने गए खादी वस्त्र और हस्तशिल्प- डीन के समर्थन से हम इसे वैश्विक स्तर पर ले जा सकते हैं और दुनिया भर में सांस्कृतिक नेटवर्क बना सकते हैं। मुझे लगता है कि हर व्यक्ति के लिए हम सही मायने में आर्थिक आजादी ला सकते हैं, इस 'सिग्नेचर फैशन शो' में आपका स्वागत है। भारत में इस कपड़े को बहुत ही अपनेपन से पहना जाता है।"

विशेष रूप से इस कार्यक्रम के लिए विदेश से आए राजनायिकों के डीन ने कहा, हम आपके जैसा अच्छा वाणिज्यक दूत चाहते हैं। हम इस बात से प्रसन्न हैं कि आप बहुत सक्रिय हैं और अच्छा कार्य कर रहे हैं, और मैं, मॉन्टेनेग्रो से आप में से ही एक होने के लिए एवं वाणिज्यक दूत नियुक्त होने के लिए आप को बधाई देता हूं। आप हमेशा हमारी गतिविधियों का हिस्सा रहें हैं और भारत और मॉन्टेनेग्रो के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महान कार्य कर रहें हैं।"

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री वी. के. सक्सेना ने कहा, "मोंटेनेग्रो द्वारा खादी के साथ हाथ मिलाते

**(शेष पृष्ठ 15 पर)**

# राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में खादी: लोकल टू ग्लोबल




फिक्की, नई दिल्ली में 19 जुलाई, 2018 को आयोजित खादी:"लोकल टू ग्लोबल"- राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन लेते हुए आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना, इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, श्री अश्विनी लोहानी, वाणिज्य मंत्रालय और उद्योग सचिव श्री आलोक वर्धन चतुर्वेदी, आईएएस तथा आईआईएफटी के परियोजना प्रमुख श्री राकेश मोहन जोशी भी मौजूद थे।









*16 और 17 जुलाई 2018 को भारत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र , नई दिल्ली में आयोजित "महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु उद्यमशीलता, नवीनता और स्थायित्व को बढ़ावा देने" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रोताओं को संबोधित करते हुए आयोग के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. एस. राव।*

**(पृष्ठ 13 से आगे)**

**भारत में मॉन्टेनेग्रो के राष्ट्रीय दिवस.......**

हुए मैं राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मॉन्टेनेग्रो और मॉन्टेनेग्रो के मानद कंसुल जनरल डॉ जेनिस दरबारी को बधाई देना चाहता हूं, यह एक महान परिवर्तन है, खादी को ग्लोबल बनाने का एक लंबा रास्ता है । खादी को ईमानदारी, शुद्धता, हाथ बुना हुआ और हाथ कता भारत का राष्ट्रीय वस्त्र भी कहा जाता है । मोंटेनेग्रो के साथ हाथ मिलाकर यह आज एक ऐतिहासिक दिवस बना है क्योंकि इससे खादी वैश्विक हो रही है। मैं खादी को वैश्विक बनाने का अवसर देने के लिए सुश्री जेनिस दरबारी का आभारी हूं।"

इस सिग्नेचर फैशन शो को डीएवी स्कूल, मौसम विहार के शिक्षकों द्वारा कोरियोग्राफ किया गया था, जिसमें उनके अल्युमिनी और वरिष्ठ छात्रों ने मॉडल के रूप में भाग लिया था।

खादी और राज दरबारी के साथ काम कर रही श्रीमती परिधि शर्मा, एनजीओ ने आधुनिक वस्त्र डिजाइन करने में मदद की। ब्रिटिश युग की बेटी के नाम से जानी जाने वाले प्रसिद्ध 90 वर्षीय शीला दरबारी , 1947 से पहले डीएवी कॉलेज की सबसे पुरानी एल्युमिनी में से एक ने 1942 की यादों का स्मरण किया कि जब पिता जगदीश्वर निगम आईसीएस बलिआ में जिला मजिस्ट्रेट थे, जिन्होंने 25 हजार सत्याग्राहियों की भीड़ को खादी पहने हुए बलिया में प्रवेश करने की इजाजत दी थी। वह एक महान प्रशंसा के बीच एक देशभक्तिपूर्ण गीत "हम अपनी आजादी को हरगिज मिटा सकते नहीं, सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं " की थीम पर रैंप पर चली चूंकि शो स्टॉपर श्रीमती स्वेता डागर, जो 2017 में मिस इंडिया प्रथम रनर अप थी, खादी साड़ी पहने हुए बहुत आकर्षण लग रही थी।

# विविध



आयोग के माननीय सदस्य श्री जयप्रकाश तोमर ने विनायक मॉल, वाराणसी स्थित बिक्री आउटलेट का दौरा किया। इससे पहले आयोग के माननीय सदस्य ने इलेक्ट्रॉनिक चाक और ब्लेंडर के वितरण के लिए कुम्हारी कारीगरों के साथ चर्चा भी की।



शिमला के माननीय सांसद श्री वीरेंद्र कश्यप ने आयोग के राज्य कार्यालय, शिमला का दौरा किया, जहाँ आयोग के राज्य निदेशक/प्रभारी, शिमला श्री मांगेराम ने खादी ग्रामोद्योगी गतिविधियों की स्थिति के बारे में बताया। बैठक के दौरान, निदेशक ने माननीय सांसद को खादी सूतमाला पहनाकर और खादी रूमाल का एक सेट (खादी उत्पाद) भेंटकर उनका स्वागत किया।




पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में आचार्य बालकृष्ण और आयोग के राज्य निदेशक, देहरादून श्री कुंज बिहारी के साथ एक बैठक हुई। इस बैठक का उद्देश्य मधुमक्खी पालकों के हितार्थ उनका शहद बेचने के लिए पतंजलि के माध्यम से उन्हें बाजार उपलब्ध कराना है।




आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद ने स्वच्छता दिवस मनाया।

**आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पूर्व क्षेत्र द्वारा बाली, सुंदरबन, पश्चिम बंगाल में 01.08.2018 को बाघ पीड़ित विधवाओं और अनु.जाति/अनु.जन जाति के ग्रामीणों के लिए कत्ताई और मधुमक्खी पालन पर एक प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया, जिसमें कताई और मधुमक्खी पालन के प्रशिक्षण में क्रमशः 50 और 25 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।**





आयोग के राज्य निदेशक, देहरादून ने 30 जुलाई 2018 को आईएसटीएम, नई दिल्ली द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत अभियान के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

**(पृष्ठ 3 से आगे)**

***आयोग जल्द ही सुंदरबन में बाली द्वीप की बाघ..........***

परिवार का भरण पोषण करने हेतु उनके मूल गांवों में उचित रूप से उन्हें एपिकल्चर और खादी गतिविधियों को अपनाने और सुंदरबन से शहद निकालने के लिए प्रोत्साहित करना तथा गहरे पानी से मछली पकड़ने जैसे जोखिम पूर्ण गतिविधियों को रोकने के लिए केवीआईसी द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम होगा। जिससे वे बाघों, मगरमच्छ और जहरीले सांपों के शिकार से बच सकेंगे।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि : "हम बाघ के हमले के कारण होने वाली मानव मौतों को कम करना चाहते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए हम ग्रामीणों को गांवों में उचित रूप से सभी संभव एपिकल्चर और बुनाई सम्बंधित गतिविधियाँ करने हेतु मदद करेंगे ताकि उन्हें घने जंगलों में जोखिम भरा कार्य करने की आवश्यकता न पड़े।"

हालांकि आयोग के लिए सफलतापूर्वक भारत भर में पीड़ितों/प्रभावितों के लिए सुरक्षित और सम्मानित आजीविका प्रदान करना कोई नई घटना नहीं है।

सबसे पहले जम्मू-कश्मीर में नागरोटा गांव में यह पहल की गयी थी, जहां 'नेपकिन सिलाई केंद्र' की स्थापना से आतंकवाद से प्रभावित गांवों की विस्थापित महिलाओं का पुनर्वास किया गया था और अब, उन महिलाओं द्वारा सिले गए रूमालों का कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा उल्लेखनीय रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों को उपहार के रूप में देने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। इसके बाद, खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास अवैध शिकार को रोकने एवं वनस्पतियों और जीवों को बनाए रखने का एक साहसिक कार्य किया। आयोग ने पहली बार असम वन विभाग के सहयोग से एक नए प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र शुरूआत की, जिसमें काजीरंगा वन क्षेत्र में करबी-एंग्लोंग जिले के तहत सिलिमखोवा गांव के कारीगरों को 25 चरखा, पांच करघे और अन्य सहायक उपकरण प्रदान किये गए। उसके बाद, इस साल 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस पर, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने काजीरंगा में 100 असमी आदिवासी लोगों के बीच 1,000 मधुमक्खी बक्से वितरित किए – जिसे उनके जीवन का पुनर्निर्माण हो सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।






**बाली, सुंदरबन, पश्चिम बंगाल में 01अगस्त, 2018 को बाघ पीड़ित विधवाओं और अनु.जाति/अनु.जन जाति के ग्रामीणों के लिए कताई और मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण का एक अन्य दृश्य।**

(पृष्ठ 7 से आगे)

**आयोग द्वारा एकल पैन-इंडिया ई-मार्केटिंग.................**

आयोग की वस्तुसूची पर नियंत्रण के साथ ही योजना और प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए हमारे भवनों और गोदामों के स्टॉक की वर्तमान व वास्तविक स्थिति से भी अवगत भी कराएगा।

उन्होंने बताया कि बिलिंग सॉफ्टवेयर किमिस (केआईएमएस) के माध्यम से जुडी हुए न केवल 480 खादी सुधार और विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) अपितु सभी खादी संस्थाओं के कार्यनिष्पादन की जानकारी ली जा सकती है , यह दूरदराज के स्थानों पर स्थित संस्थाओं व उनके द्वारा प्रति क्षण बढ़ रही मांग पर उत्पादित हो वस्तुओं की मांग और आपूर्ति में वृद्धि करने में भी बहुत उपयोगी साबित होगा। यहां तक कि मुझे दूरस्थ स्थानों पर की जा रही बिक्री के सम्बन्ध में क्षण भर में जानकारी हो सकेगी। यह किसी भी भवन में किसी भी प्रकार की कमी या अधिकता की संभावना को भी समाप्त कर देगा।

श्री सक्सेना ने आगे कहा कि चूंकि यह प्रणाली प्रथम चरण में है, इसलिए कुछ अड़चने उत्पन्न हो सकती है। "पूर्व की प्रणाली में, हमारे कर्मचारियों के समक्ष बिलों को हटाने या अपडेट करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, किन्तु इस नए सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब यह हमारे मुख्यालय से ही सेकेंड्स में हो सकता है। हमारे कर्मचारी नए सॉफ्टवेयर का कुशलता से उपयोग कर सकें इसके लिए हम अपने सभी कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।




त्रिपुरा जिले के कुमरघाट, उनोकुटी में 10.07.2018 को मधुमक्खीपालन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 12.07.2018 से पांच दिवसीय प्रशिक्षण इसी स्थान पर शुरू होगा। 2018-19 के दौरान त्रिपुरा राज्य में यह आठवां जागरूकता शिविर और प्रशिक्षण है। बरसात के मौसम के बाद, इस प्रशिक्षण के माध्यम से मधुमक्खी उपनिवेशों और बॉक्स वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ को राजभाषा कार्यान्वयन हेतु पहला पुरस्कार

आयोग के राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ को कार्यालय के काम में हिंदी भाषा के उपयोग और राजभाषा कार्यान्वयन के लिए पहला पुरस्कार मिला। राजभाषा कार्यान्वयन समिति, चंडीगढ़ ने आयोग के राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ को एक स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।






कुमारन महिला कॉलेज, तिरुपुर में केन्द्रीय ताड़, ताड़गुड़ उत्पाद संस्थान, चेन्नई द्वारा ब्यूटीशियन, सैनिटरी नैपकिन और इमिटेशन ज्वेलरी पर प्रशिक्षण हेतु 5 दिवसीय एसडीपी कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 146 छात्रों ने भाग लिया।



दिनांक 17.7.2018 को आयोग के राज्य कार्यालय, कर्नाटक को इसरो के निदेशक एवं टोलिक (नराकास), बंगलुरु के अध्यक्ष से आधिकारिक भाषा (हिंदी) के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिला।



12 जुलाई, 2018 को, श्री यशपाल सिंह, राज्य निदेशक, खाग्राआ,अंबाला ने खादी ग्रामोद्योग संघ, कुरुक्षेत्र का दौरा किया और आयोग के केआरडीपी कार्यक्रम के तहत कत्तिनों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की।




भोपाल में रतिबाद, गांव-आमला में शहद और मधुमक्खीपालन के किसानों के लिए स्कूल का उद्घाटन



आयोग के राज्य कार्यालय, भोपाल ने 20 जुलाई, 2018 को खादी सुधार और विकास कार्यक्रम के तहत कमजोर खादी संस्थाओं के साथ एक बैठक आयोजित की।



खादी कपड़े से बने थैले को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के खादी थैलों को विकसित किया जा रहा है।

# खादी और ग्रामोद्योग आयोग दूरस्थ स्थानीय स्व-निकायों तक पहुंचा 'बिहार राजधानी के सफाई कर्मचारी अब पहनेंगे खादी'

